प्रादेशिक समाचार
12.04.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

प्रख्यात गायिका और पद्म विभूषण से सम्मानित आषा भोसले का आज मुंबई में 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार कल शाम 4 बजे शिवाजी पार्क में होगा।

गायिका की पोती ने सोशल मीडिया पर बताया कि आशा भोसले को सीने में संक्रमण और कमजोरी के कारण कल शाम मुंबई के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। आशा भोसले का करियर आठ दशक से अधिक लंबा रहा और वे अपनी बहुमुखी प्रतिभा के लिए ख्यात थीं। वे जानी–मानी गायिका लता मंगेशकर की छोटी बहन थीं।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिग्गज गायिका आशा भोसले के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि आशा भोसले भारत की सबसे प्रतिष्ठित और बहुमुखी आवाज़ों में से एक थीं, जिनकी लंबी संगीत यात्रा ने देश की सांस्कृतिक धरोहर को समृद्ध किया।

केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह और नितिन गडकरी ने ने गायिका आशा भोसले के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

वहीं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उनके निधन पर शोक जताया है। उन्होंने कहा– आशा जी केवल गायिका नहीं, बल्कि एक युग की पहचान थीं, जिनकी विरासत सदैव जीवित रहेगी।

****

उप–राष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने कहा है कि वास्तविक विकास वही है, जो समाज के हर वर्ग तक पहुंचे। नई दिल्ली में 'प्रौद्योगिकी और विज्ञान के माध्यम से जनजातीय भारत का परिवर्तन' कार्यक्रम में उन्होंने जनजातीय क्षेत्रों में हरित आर्थिक विकास की संभावनाओं पर बल दिया। उन्होंने पारंपरिक ज्ञान को विज्ञान और तकनीक से जोड़ने की आवश्यकता बताई। इस अवसर पर अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा स्थापित संस्थान की रजत जयंती भी मनाई गई।

****

प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने 'गांव चलो अभियान' के तहत रांची के अनगड़ा प्रखंड के तुरूप गांव का दौरा कर कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों को संबोधित किया। उन्होंने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की उपलब्धियों और गरीब कल्याण योजनाओं का उल्लेख किया। इस दौरान उन्होंने विपक्ष और राज्य की झामुमो–कांग्रेस सरकार पर कानून–व्यवस्था को लेकर निशाना साधते हुए महिलाओं की सुरक्षा पर सवाल उठाए।

****

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने राज्य की 42 हजार सहिया बहनों को जल्द ही टैब उपलब्ध कराने की घोषणा की है, जिससे मातृत्व सुरक्षा से जुड़े कार्यों को डिजिटल बनाया जा सके। राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस के अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकार का मुख्य लक्ष्य प्रसव के दौरान मातृ मृत्यु दर को शून्य पर लाना है। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी जिलों में अब सिकल सेल और थैलेसीमिया की भी स्क्रीनिंग की जाएगी, ताकि मरीजों का सही आंकड़ा मिल सके।

****

रांची के तमाड़ थाना क्षेत्र में उत्पाद सिपाही परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक की आशंका पर पुलिस ने 150 से अधिक अभ्यर्थियों को हिरासत में लिया है। सभी से पूछताछ जारी है। ग्रामीण एसपी प्रवीण पुष्कर जांच की निगरानी कर रहे हैं। फिलहाल पेपर लीक की पुष्टि नहीं हुई है, पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी है।

*****समाप्त*********